**SET-3**

**Series D3BCA/1**

प्रश्न–पत्र कोड **4/1/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :***

*(i)* *इस प्रश्न–पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं। **सभी प्रश्नों** के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(ii)* *इस प्रश्न–पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड – 'अ'** और **खण्ड – 'ब'**।*

*(iii)* ***खण्ड – 'अ'** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(iv)* ***खण्ड – 'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

*(vi)* *यथासंभव **दोनों** खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## खण्ड 'अ'

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1 = 5**

ग्रीष्म अवकाश के समय को पढ़ाई के दबाव से परे रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने में लगाना जरूरी है। सामुदायिक केन्द्रों से जुड़े और सेवा देने वाले बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। ऐसे बच्चे न केवल समाज से जुड़ते हैं, बल्कि खुश भी रहते हैं।

यह जुड़ाव बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत सँवारने के साथ ही मानवीय प्रवृत्तियों को भी सार्थक दिशा देता है।

छुट्टियों का समय रिश्तों-नातों को जानने और जीने का भी मौका होता है। पहले संयुक्त परिवार में बच्चे दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, बुआ के साथ रह कर बड़े होते थे। रिश्तेदारों का आना-जाना भी खूब होता था। मगर अब ऐसी व्यस्त जिंदगी है कि बच्चे सिर्फ अपने माता-पिता को ही जानते हैं। छुट्टियों का यह समय ऐसे संबंधों को जीने और जानने में लगाया जाए, यह खुद बच्चों के लिए ही नहीं, हमारे पारिवारिक और सामाजिक तानेबाने को सहेजने के लिए भी जरूरी है। कुछ साल पहले एक ऑनलाइन पर्यटन कंपनी द्वारा किए गए परिवार सर्वेक्षण के अनुसार सत्तानवे प्रतिशत भारतीय किशोरों ने महसूस किया कि परिवार की छुट्टियाँ उन्हें अपने भाई-बहनों के करीब लाती हैं। उनहत्तर प्रतिशत ने माना कि उनकी पसंदीदा यादें परिवार के साथ बिताई छुट्टियों से जुड़ी हैं। बहुत से सामाजिक मनोवैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि अवकाश का समय बच्चों को नई ऊर्जा और उत्साह से भर देता है। छुट्टियाँ बच्चों को खुश और होशियार बनाती हैं। सामाजिक कौशल सिखाती हैं। यह अभिभावकों के साथ अनौपचारिक रूप से संवाद करने का समय होता है। भटकाव के मौजूदा परिवेश में ऐसा खुला संवाद किशोरों की मानसिकता समझने में सहायक होता है। नई पीढ़ी को दिशाहीन होने से बचा सकता है। समय रहते अभिभावकों को सचेत कर सकता है।

**(i)** निम्नलिखित में से कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाता है/खाते हैं?

(I) अवकाश बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह भरता है।

(II) छुट्टियों में भाई-बहनों के समीप आने की संभावना बढ़ती है।

(III) माता-पिता से बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलता है।

(IV) नई पीढ़ी के दिशाहीन होने की संभावनाएँ बढ़ती हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) II और III

(C) केवल IV

(D) I, II और III



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(ii)** निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन** : पारिवारिक तानेबाने को सहेजने की आवश्यकता है।

**कारण** : परिवारों और समाज के संकुचित होने से स्वस्थ सामाजिक विकास अवरुद्ध हो रहा है।

**विकल्प** :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

**(iii)** अब पारिवारिक संबंधों में क्या बड़ा परिवर्तन हुआ है?

(A) एकल परिवारों का सीमित होना

(B) संयुक्त परिवारों में वृद्धि होना

(C) एकल परिवारों में वृद्धि होना

(D) पड़ोस संस्कृति की समाप्ति होना

**(iv)** सामुदायिक केन्द्रों में सेवा देने वाले बच्चे किस प्रकार लाभान्वित होते हैं ?

(I) बेहतर स्वास्थ्य पाकर

(II) प्रसन्नचित्त होकर

(III) व्यस्त होकर

(IV) वेतन पाकर

**विकल्प** :

(A) I – II

(B) III – IV

(C) I – III

(D) II – IV

**(v)** बच्चों के बीच रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने के लिए क्या अपेक्षित है?

(A) रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी

(B) ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग करना

(C) परस्पर परिचर्चा में सभी की भागीदारी

(D) शिक्षा की बुनियाद रखना



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1 = 5**

नदियों को धरती का प्राण माना जाता है। ये हमारी पृथ्वी व समस्त जीव-जगत को जीवन देती हैं। जब नदियों के जीवन पर ही संकट मँडरा रहा हो तो अन्य जीव-जगत पर क्या असर होगा?

यह स्थिति डराती है। खासकर तब, जब विशेषज्ञों का मानना है कि 2030 तक दुनिया में पानी की माँग कुल आपूर्ति से ज्यादा हो जाएगी। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि हमने नदियों के प्रवाह को बाधित किया है, उनके प्रवाह मार्ग में अवरोध पैदा किए हैं और उनमें अपनी आत्मा का सर्वस्व उड़ेलने वाली छोटी नदियों की परवाह ही नहीं की। नदियों के तटों पर अतिक्रमण कर हम विकास का नारा बुलंद कर रहे हैं। नदियाँ दुखी न हों तो क्या करें? ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैण्ड सहित यूरोप के विविध देशों में शायद इसीलिए नदियों के तटबंध तोड़े जा रहे हैं ताकि नदियों को उद्दाम प्रवाह की आज़ादी मिल सके। इस प्रसंग में छोटी नदियों को पुनर्जीवित करना बहुत जरूरी है, क्योंकि छोटी नदियाँ न केवल किसी क्षेत्र विशेष की जल संबंधी जरूरतों को पूरी करती हैं, बल्कि अनेक छोटी नदियाँ मिलकर किसी बड़ी नदी को अपने समर्पण से समृद्ध भी करती हैं।

छोटी नदियों को बचाने के लिए संसाधनों से अधिक संकल्प की आवश्यकता है। भू-जल स्तर, पारिस्थितिकी तंत्र एवं जैव विविधता को स्थिर रखने के लिए नदियों के प्रवाह क्षेत्र को अतिक्रमण से बचाना व प्रदूषण मुक्त रखना बेहद जरूरी है। शासन-प्रशासन व आमजन की दृढ़ इच्छाशक्ति, निगरानी और नियंत्रण द्वारा ही नदियों को बचाया जा सकता है।

**(i)** 'जैव विविधता' से अभिप्राय है :

(A) पृथ्वी पर जीव-जंतुओं की विविधता

(B) पृथ्वी पर पेड़-पौधों की विविधता

(C) जीव-जंतुओं और वनस्पति की विविधता

(D) मानवीय-जीवन की विविधता

**(ii)** निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनिए :

**कथन** : यूरोप के देशों में नदियों के तटबंध तोड़े जा रहे हैं।

**कारण** : नदियों को उद्दाम प्रवाह की आज़ादी मिले और वे पुनर्जीवित हो जाएँ।

**विकल्प** :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है।

(C) कथन व कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(iii)** नदियों को जीवित रखने के लिए क्या-क्या करना होगा?

(I) तट अतिक्रमण पर रोक

(II) पुनर्जीवित करने की कोशिश

(III) आत्मा का सर्वस्व उड़ेलना

(IV) विकास का नारा बुलंद करना

**विकल्प :**

(A) I – II

(B) III – IV

(C) II – III

(D) I – IV

**(iv)** विशेषज्ञ 2030 तक, किस बात के लिए सचेत कर रहे हैं?

(A) लगभग सभी नदियाँ प्रदूषित हो जाएँगी।

(B) हमें नदियों का प्रवाह बाधित करना पड़ेगा।

(C) हमें छोटी नदियों की परवाह करनी होगी।

(D) जल की आपूर्ति जल की माँग से बहुत कम हो जाएगी।

**(v)** गद्यांश के अनुसार कौनसी स्थिति डराती है?

(A) जलीय जीव-जंतुओं की संख्या का कम होना

(B) नदियों के तटों पर औद्योगिक विकास होना

(C) नदियों का अपने मार्ग को छोड़कर बहना

(D) जीवनदायिनी नदियों का प्रदूषित होना

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4×1 = 4**

**(i)** 'इतने बड़े सिर में नारियल-की-सी आँखों वाला चेहरा अजीब लगता है।' रेखांकित का पदबंध-भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) सर्वनाम पदबंध

(D) क्रिया पदबंध



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ii) 'एक कमरे के बाहर मजबूत और बड़ा-सा ताला लटक रहा था।' – रेखांकित का पदबंध-भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) विशेषण पदबंध

(iii) 'शायद पुलिस को उन्होंने आते हुए देख लिया था।' – रेखांकित का पदबंध-भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) विशेषण पदबंध

(iv) 'ठाकुरबारी के एक वयोवृद्ध साधु ने फाटक खोल दिया।' – रेखांकित का पदबंध-भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(v) निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) एक वृद्ध साधु ने डरते हुए धीरे-से फाटक खोल दिया

(B) एक वृद्ध साधु ने डरते हुए धीरे-से फाटक खोल दिया

(C) एक वृद्ध साधु ने डरते हुए धीरे-से फाटक खोल दिया

(D) एक वृद्ध साधु ने डरते हुए धीरे-से फाटक खोल दिया

**4.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1 = 4**

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) हरिहर काका लुढ़कते हुए दरवाज़े तक आए और पैरों से दरवाज़े पर धक्का लगाया।

(B) काका को बंधनमुक्त किया गया, मुँह से कपड़े निकाले गए।

(C) हरिहर काका ने पर्दाफाश किया कि वे साधु नहीं, डाकू, हत्यारे और कसाई हैं।

(D) हरिहर काका ने देर तक बयान दर्ज कराए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(ii)** 'उन्हें लग रहा था कि अब भाई को वे आसानी से घर ले जाएँगे।' – रचना के आधार पर यह वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

**(iii)** निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) सभी बंद कमरों को खोलकर देखा गया।

(B) ठाकुरबारी के जो कमरे खुले थे उनकी तलाशी पहले ली गई।

(C) वृद्ध साधु बोल नहीं रहा था इसलिए पुलिस को थोड़ी परेशानी हुई।

(D) ताला तोड़कर कमरा खोला गया।

**(iv)** 'सुबह होने में देर थी इसलिए पुलिस इंचार्ज साधुओं को आत्मसमर्पण की आवाज़ लगा रहे थे।' – यह रचना के आधार पर वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

**(v)** **स्तंभ 'अ'** और **स्तंभ 'ब'** को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनिए :

| **स्तंभ 'अ'** | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|
| I. उन्होंने हरिहर काका के हाथ-पाँव बाँध दिये थे। | 1. संयुक्त वाक्य |
| II. क्योंकि उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक था इसलिए उन्हें घर के अंदर रखा गया था। | 2. सरल वाक्य |
| III. सुरक्षा की वजह उनकी जायदाद है अन्यथा वे उनको पूछते तक नहीं। | 3. मिश्र वाक्य |

**विकल्प :**

(A) I 2 II 3 III 1

(B) I 1 II 2 III 3

(C) I 2 II 1 III 3

(D) I 3 II 2 III 1



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4×1 = 4**

**(i)** 'पीतांबर' का सही युग्म है :

(A) पीले हैं अंबर जिसके – बहुव्रीहि समास

(B) पीला है जो अंबर – बहुव्रीहि समास

(C) पीला अंबर – अव्ययीभाव समास

(D) पीले हैं अंबर जिसके – कर्मधारय समास

**(ii)** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| **समस्तपद** | **समास** |
|---|---|
| I. मृगनयनी | 1. बहुव्रीहि समास |
| II. श्वेतांबर | 2. तत्पुरुष समास |
| III. नदी–नाले | 3. द्विगु समास |
| IV. आत्मनिर्भर | 4. अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौनसे सही सुमेलित हैं?

(A) केवल (IV)

(B) केवल (I)

(C) (I) और (III)

(D) (II) और (IV)

**(iii)** 'महात्मा' समस्तपद का विग्रह होगा :

(A) महात्मा की आत्मा

(B) महान की आत्मा

(C) महा की आत्मा

(D) महान है जो आत्मा

**(iv)** 'बेवक्त' समस्तपद का समास–भेद होगा :

(A) तत्पुरुष समास

(B) कर्मधारय समास

(C) अव्ययीभाव समास

(D) बहुव्रीहि समास

**(v)** 'आत्मगौरव' समस्तपद कौन–से समास का उदाहरण है?

(A) द्विगु समास

(B) तत्पुरुष समास

(C) कर्मधारय समास

(D) अव्ययीभाव समास



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित छह बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1 = 4**

**(i)** 'पता न चलना' अर्थ के लिए मुहावरा होगा :

(A) फरार होना

(B) दबे पाँव आना

(C) टका-सा जवाब देना

(D) सुराग न मिलना

**(ii)** परीक्षा भवन पहुँच कर जब उसे अपना पेंसिल बॉक्स नहीं दिखा तो उसके ________ ________ गए। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) सिट्टी-पिट्टी गुम होना

(B) पैरों तले ज़मीन खिसकना

(C) हाथ-पाँव फूलना

(D) चेहरे का रंग उड़ना

**(iii)** "माता-पिता और बड़ों के उपदेश <u>बुरे लगते</u> हैं लेकिन बाद में वही बातें प्रेरित करती हैं।" – रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) नीचा दिखाना

(B) ज़हर लगना

(C) पहाड़ लगना

(D) हाथ लगना

**(iv)** 'आस्तीन का साँप' मुहावरे का अर्थ है :

(A) चालाक व्यक्ति

(B) बड़ा दुश्मन

(C) कपटी मित्र

(D) अपना मत बदलने वाला

**(v)** 'रहस्य प्रकट होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(A) उगल देना

(B) ख़ाक छानना

(C) कूच करना

(D) कलई खुलना



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(vi)** मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कँपकँपी छूटना – डर से शरीर काँपना

(B) कलेजा ठंडा होना – मृत्यु होना

(C) किताबी कीड़ा होना – जो कीड़े पुस्तकों में लगें

(D) एक ही राग अलापना – अच्छा गायक

**7.** काव्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : **2×1 = 2**

**(i)** 'सब अँधियारा मिटि गया' – कबीर के 'दोहे' की इस पंक्ति में अँधियारा किसका प्रतीक है?

(A) निराशा

(B) अहंकार

(C) अज्ञान

(D) कालिमा

**(ii)** 'गिरि का गौरव गाकर झर-झर' – पंक्ति में झरने के 'झर-झर' स्वर में कवि ने क्या कल्पना की है?

'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए :

(A) बादलों की गड़गड़ाहट की

(B) झरनों की कल-कल करती मधुर ध्वनि की

(C) पक्षियों के कलरव की जुगल-बंदी की

(D) पर्वत के गौरव-गान की

**8.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : **5×1 = 5**

क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,
तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी।
उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,
सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया।
अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे?
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

**(i)** रंतिदेव कौन थे?

(A) वीर राजा

(B) परम दानी राजा

(C) बुद्धिमान-शिक्षित राजा

(D) कुशल-समझदार राजा



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(ii)** **स्तंभ 'अ'** और **स्तंभ 'ब'** को सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए :

| **स्तंभ 'अ'** | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|
| I. उशीनर | 1. अपने शरीर की चमड़ी भी दान में दी |
| II. दधीचि | 2. अपना माँस देकर कबूतर के प्राण बचाए |
| III. कर्ण | 3. अस्थियाँ देकर देवताओं की सहायता की |

**विकल्प :**

(A) I 2 II 3 III 1
(B) I 1 II 2 III 3
(C) I 2 II 1 III 3
(D) I 1 II 3 III 2

**(iii)** कवि ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से क्या संदेश दिया है?

(A) हमें जीवन की परवाह न करके परोपकार करना चाहिए।
(B) हरेक की पीड़ा को समझना चाहिए।
(C) शरीर नाशवान है अतः जीव को डरना नहीं चाहिए।
(D) अपनी भूख की परवाह बिलकुल नहीं करनी चाहिए।

**(iv)** काव्यांश में प्रयुक्त 'अनादि' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) जिसका न आदि हो न अंत
(B) जिसका आदि या आरंभ न हो
(C) जो सृष्टि पर सबसे पहले जन्मा हो
(D) जो सदा बना चला आ रहा हो

**(v)** दधीचि ने दान में क्या दिया?

(A) कवच-कुंडल
(B) हड्डियाँ
(C) धन
(D) माँस

**9.** गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : **2×1 = 2**

**(i)** तताँरा-वामीरो के त्याग से समाज की सोच में क्या परिवर्तन आया?

(A) सबने तताँरा-वामीरो के प्रेम को स्वीकार कर लिया
(B) सभी तताँरा-वामीरो के विवाह के लिए तैयार हो गए
(C) अब दूसरे गाँवों में भी पारस्परिक वैवाहिक संबंध होने लगे
(D) तताँरा-वामीरो को अपने-अपने गाँवों से निष्कासित कर दिया



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(ii)** वज़ीर अली अफ़गानी हमले की प्रतीक्षा क्यों कर रहा था? अनुपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए :

(A) अंग्रेजों को चारों तरफ से घेरने के लिए

(B) सआदत अली को जान से मारने के लिए

(C) अवध से सआदत अली को हटा अपना तख्त पाने के लिए

(D) अंग्रेजों को हिन्दुस्तान से बाहर निकालने के लिए

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : **5×1 = 5**

अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे। कई बार मुझे डाँटने का अवसर पाकर भी उन्होंने धीरज से काम लिया। शायद अब वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम। मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ। मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और अब सारा समय पतंगबाज़ी की ही भेंट होता था, फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था। मांझा देना, कन्ने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं। मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज़ मेरी नज़रों में कम हो गया है।

**(i)** बड़े भाई साहब अब छोटे भाई को प्रायः नहीं डाँटते, क्यों ?

(A) छोटे भाई की घर छोड़ने की धमकी के भय से चुप रहने लगे।

(B) अब उन दोनों में एक ही कक्षा का अंतर रह गया था।

(C) छोटा भाई खेलकर भी अव्वल आता जा रहा था अतः अब वे ढीले पड़ने लगे थे।

(D) छोटा भाई बड़े भाई साहब के व्यवहार पर उन्हें आड़े हाथों लेने लगा था।

**(ii)** निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** कथानायक बड़े भाई साहब की सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा।

**कारण :** कक्षा में अव्वल आने के कारण उनके व्यवहार में अहंकार की भावना आ गई थी।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या है।

(C) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iii) 'मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है' – इस कथन से कथानायक के विषय में पता चलता है कि वह है :

(A) दृढ़विश्वासी

(B) भाग्यवादी

(C) वाचाल

(D) अहंकारी

(iv) छोटा भाई बड़े भाई साहब से छिपकर पतंगबाज़ी क्यों करता था?

(A) छोटे भाई के मन में बड़े भाई के लिए आदर था।

(B) छोटे भाई को पतंगबाज़ी का नया-नया शौक चढ़ा था।

(C) छोटे भाई को लगा कि शायद भाई साहब को पसंद न आए।

(D) पढ़े-लिखे समझदार लोग पतंगबाज़ी नहीं करते थे।

(v) कथानायक का सारा समय पतंगबाज़ी की भेंट क्यों चढ़ने लगा था?

(A) पतंगबाज़ी का नया-नया शौक लगने के कारण

(B) विद्यालय में आयोजित पतंग टूर्नामेंट के कारण

(C) बड़े भाई द्वारा डाँट-फटकार न लगाने के कारण

(D) विद्यालय में हुए ग्रीष्मावकाश के कारण

## खण्ड 'ब'
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2×3 = 6**

**(क)** आपके पड़ोसी काका की स्थिति हरिहर काका से मिलती-जुलती है। आप उन्हें कैसे समझाएँगे और मदद करेंगे?

**(ख)** 'सपनों के से दिन' पाठ के लेखक और उसके साथी किस प्रकार गर्मियों की छुट्टियाँ बिताया करते? आप गर्मी की छुट्टियों में क्या करते हैं, लिखिए।

**(ग)** 'मैत्री धर्म, जाति, रंग-भेद, प्रतिष्ठा आदि से ऊपर शुद्ध प्रेम और भावनाओं का प्रतिबिंब है।' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**12.** काव्य-खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2×3 = 6**

**(क)** 'आज धरती बनी है दुलहन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।'
इन पंक्तियों के संदर्भ में सैनिक की भावनाओं को स्पष्ट कीजिए।

**(ख)** विरासत में मिली वस्तुओं की सँभाल ज़रूरी है, क्यों? 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**(ग)** मीरा अपने आराध्य कृष्ण से क्या विनती करती हैं और उन्हें उनके कर्तव्य का स्मरण करवाने के लिए क्या करती हैं?

**13.** गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2×3 = 6**

**(क)** 'तीसरी कसम' फिल्म को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?

**(ख)** रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूटना ही अच्छा है, क्यों? 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**(ग)** 'कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा है वह आज बहुत अंश में धुल गया।' – 'डायरी का पन्ना' पाठ से उद्धृत इस कथन में किस काम और कलकत्ता पर लगे कलंक की बात हो रही है और वह कैसे धुल गया? स्पष्ट कीजिए।

**14.** निम्नलिखित तीन में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

**(क)** ''प्रकृति पर अगर गाज गिरती रहेगी
समझ लो मनुष्यता सिसकती रहेगी''
● मानव प्रकृति का अभिन्न अंग ● संतुलन बनाना ● तापमान वृद्धि में रोक

**(ख)** मैं और मेरा देश
● एक-दूसरे के पूरक ● देश में ही व्यक्तित्व का विकास ● देश के प्रति कर्तव्य

**(ग)** व्यायाम की ओर बढ़ते कदम
● व्यायाम की आवश्यकता ● योग और व्यायाम की ओर बढ़ता रुझान
● व्यायाम के लाभ



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**15.** **(क)** आप निखिल/निखिला हैं। आपके क्षेत्र में लगे वृक्ष जल के अभाव में सूख रहे हैं। वृक्षों के उचित रख-रखाव का सुझाव देते हुए वन-विभाग के निदेशक को आग्रह करते हुए लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** आप ओज/ओजस्विता हैं। आपके प्रमाण-पत्रों की फाइल स्थानीय बस में छूट गई थी जिसे बस कंडक्टर ने आपको सुरक्षित लौटाया। उसके लिए अपने प्रदेश के परिवहन प्रबंधक को कंडक्टर के सद्व्यवहार की प्रशंसा करते हुए लगभग **100** शब्दों में एक प्रशस्ति-पत्र लिखिए। **5**

**16.** **(क)** आपके विद्यालय में क्षेत्रीय पुलिस द्वारा स्वरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी छात्रों तक पहुँचाने के लिए एक सूचना लगभग **60** शब्दों में लिखिए। **4**

**अथवा**

**(ख)** विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम के सचिव की ओर से बाल कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति की सूचना लगभग **60** शब्दों में लिखिए। **4**

**17.** **(क)** कोई कंपनी जैविक फल-सब्जी बाज़ार में लाना चाहती है, उसके प्रचार-प्रसार के लिए एक विज्ञापन लगभग **40** शब्दों में तैयार कीजिए। **3**

**अथवा**

**(ख)** आपके क्षेत्र में एक नया विद्यालय खुला है जिसमें आगामी सत्र में प्रवेश लेने वाले स्थानीय बच्चों को दाखिले में विशेष छूट दी जाएगी। विद्यालय के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**

**18.** **(क)** आपने ऑनलाइन कुछ पुस्तकें मँगवाई थीं लेकिन आपकी पुस्तकें आपके ऑर्डर के अनुरूप नहीं आई हैं। इसकी शिकायत करते हुए प्रबंधक महोदय को लगभग **100** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** ''जब मानव ने स्वयं को पक्षियों की भाँति छोटा करने की शक्ति हासिल की और डिब्बेनुमा घरों में पेड़ पर रहने लगा। तब.......''

इस कथा को लगभग **100** शब्दों में पूरा कीजिए। **5**



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु**

# सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023-24

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## अंक योजना

## हिंदी 'ब'(085)

| प्रश्न सं. | 4/1/1 | 4/1/2 | 4/1/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड-'अ'**<br>**(बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर)** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1** |
| | (i) | (i) | (v) | (B) ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग करना | **= 5** |
| | (ii) | (ii) | (iv) | (A) I-II | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) एकल परिवारों में वृद्धि होना | |
| | (iv) | (iv) | (ii) | (B) कथन व कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| | (v) | (v) | (i) | (D) I, II और III | |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1** |
| | (i) | (i) | (v) | (D) जीवनदायिनी नदियों का प्रदूषित होना | **= 5** |
| | (ii) | (ii) | (iv) | (D) जल की आपूर्ति जल की माँग से बहुत कम हो जाएगी। | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (A) I-II | |
| | (iv) | (iv) | (ii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| | (v) | (v) | (i) | (C) जीव-जंतुओं और वनस्पति की विविधता | |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1**<br>**= 4** |
| | (i) | - | - | (D) क्रिया-पदबंध | |
| | (ii) | - | - | (C) विशेषण पदबंध | |
| | (iii) | - | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | (iv) | - | - | (C) विशेषण पदबंध | |
| | (v) | - | - | (B) मुसीबत में सभी उसका स्मरण करते और वह <u>भागा-भागा</u> वहाँ पहुँच जाता। | |
| | - | (i) | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | (ii) | - | (B) क्रिया पदबंध | |
| | - | (iii) | - | (D) विशेषण पदबंध | |
| | - | (iv) | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | (v) | - | (B) अपनी योजना को कार्य-रूप में परिणत करने के लिए वह अब तो <u>जी-जान से</u> जुट गए। | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (i) | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | - | (ii) | (D) विशेषण पदबंध | |
| | - | - | (iii) | (C) क्रिया पदबंध | |
| | - | - | (iv) | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | - | (v) | (B) एक वृद्ध साधु ने डरते हुए धीरे-से फाटक खोल दिया | |
| **4** | **4** | **4** | **4** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (D) सूरज समुद्र से लगे क्षितिज तले डूबने को था। | |
| | (ii) | - | - | (C) संयुक्त वाक्य | |
| | (iii) | - | - | (B) मिश्र वाक्य | |
| | (iv) | - | - | (A) कुछ था जो दोनों के भीतर बह रहा था। | |
| | (v) | - | - | (D) I 2 II 3 III 1 | |
| | - | (i) | - | (C) इस विषय पर हरिहर काका ने मुझसे काफ़ी देर तक बात की। | |
| | - | (ii) | - | (C) मिश्र वाक्य | |
| | - | (iii) | - | (B) मिश्र वाक्य | |
| | - | (iv) | - | (D) संयुक्त वाक्य | |
| | - | (v) | - | (D) I 2 II 3 III 1 | |
| | - | - | (i) | (D) हरिहर काका ने देर तक बयान दर्ज कराए। | |
| | - | - | (ii) | (C) मिश्र वाक्य | |
| | - | - | (iii) | (B) ठाकुरबारी के जो कमरे खुले थे उनकी तलाशी पहले ली गई। | |
| | - | - | (iv) | (C) संयुक्त वाक्य | |
| | - | - | (v) | (A) I 2 II 3 III 1 | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **5** | **5** | **6** | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | (i) | (v) | (B) तत्पुरुष समास | |
| | (ii) | (ii) | (iv) | (C) अव्ययीभाव समास | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) महान है जो आत्मा | |
| | (iv) | (iv) | (ii) | (B) केवल (I) | |
| | (v) | (v) | (i) | (A) पीले हैं अंबर जिसके – बहुव्रीहि समास | |
| **6** | **6** | **5** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | (i) | (vi) | (A) कँपकँपी छूटना – डर से शरीर काँपना | |
| | (ii) | (ii) | (v) | (D) कलई खुलना | |
| | (iii) | (iii) | (iv) | (C) कपटी मित्र | |
| | (iv) | (iv) | (iii) | (B) ज़हर लगना | |
| | (v) | (v) | (ii) | (C) हाथ-पाँव फूलना | |
| | (vi) | (vi) | (i) | (D) सुराग न मिलना | |
| **7** | **7** | **10** | **8** | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) परम दानी राजा | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) I 2 II 3 III 1 | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) शरीर नाशवान है अतः जीव को डरना नहीं चाहिए। | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (B) जिसका आदि या आरंभ न हो | |
| | (v) | (v) | (v) | (B) हड्डियाँ | |
| **8** | **8** | **9** | **7** | **'काव्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **2 x 1 = 2** |
| | (i) | (i) | (i) | (C) अज्ञान | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) पर्वत के गौरव-गान की | |
| **9** | **9** | **8** | **10** | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (C) छोटा भाई खेलकर भी अव्वल आता जा रहा था अतः अब वे ढीले पड़ने लगे थे। | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (B) भाग्यवादी | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (A) छोटे भाई के मन में बड़े भाई के लिए आदर था। | |
| | (v) | (v) | (v) | (A) पतंगबाज़ी का नया-नया शौक लगने के कारण | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **10** | **10**<br>(i)<br>(ii) | **7**<br>(i)<br>(ii) | **9**<br>(i)<br>(ii) | **'गद्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(C) अब दूसरे गाँवों में भी पारस्परिक वैवाहिक संबंध होने लगे<br>(B) सआदत अली को जान से मारने के लिए | **2 x 1 = 2** |
| | | | | **खंड - 'ब'**<br>**(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **11** | **11** | **13** | **13** | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | **2 x 3 = 6** |
| | (क) | - | - | <u>क्या किया-</u><br>● वे भोजन छोड़कर तुरंत उठ खड़े हुए और उसको घर तक पहुँचाने के लिए कुएँ की ओर चल पड़े।<br><u>विशेषताएँ -</u><br>● जीव-जंतुओं के प्रति करुणा-दया का भाव।<br>● संवेदनशीलता/ उदारता/ परोपकार | **1+2= 3** |
| | (ख) | - | - | <u>झेन की देन –</u><br>● चा-नो-यू (टी सेरेमनी) के माध्यम से ध्यान लगाने की परंपरा<br>● जीवन की भागदौड़ से मुक्त होकर वर्तमान में जीना<br>● अतीत की खट्टी-मीठी यादों या भविष्य की कल्पनाओं में नहीं उलझना चाहिए।<br>(संदर्भगत अन्य उचित तथ्य भी स्वीकार्य) | **3** |
| | (ग) | - | - | <u>किसे कहा गया -</u><br>● 26 जनवरी, 1931 को समय और स्थान बता कर सभा का आयोजन<br><u>कैसे-</u><br>● पुलिस कमिश्नर द्वारा सभा आयोजित न करने और कर्मचारियों के भाग लेने पर दोषी समझे जाने का नोटिस<br>● जबकि कौंसिल की तरफ से चार बजकर चौबीस मिनट पर झंडा फहराने और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ने के लिए सर्वसाधारण को सभा में उपस्थिति का नोटिस<br>● प्रशासन को ऐसी खुली चुनौती पहले कभी नहीं दी गई।<br>● ऐसी सभा और सर्वसाधारण की इतनी उपस्थिति भी पहले कभी नहीं हुई। | **1+2= 3** |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (क) | - | • वर्तमान में मानव के संवेदनहीन होने पर चिंता<br>• मनुष्य के लालच और स्वार्थ का निरंतर बढ़ना<br>• प्रकृति का अत्यधिक दोहन<br>• अन्य जीव-जंतुओं को धरती से बेदखल करना<br>(पाठ से उदाहरण अपेक्षित) | 3 |
| | - | (ख) | - | • संवेदनाओं की गहन अनुभूति<br>• फिल्म में रची-बसी करुणा सच्चे कवि हृदय का प्रतिबिंब<br>• दुख को भी सहज स्थिति में, जीवन सापेक्ष प्रस्तुत करना<br>• गीतों में जूझने का संकेत<br>• लोक जीवन/अंचल का यथार्थ एवं जीवंत चित्रण<br>• कथानक. देशकाल और वातावरण के अनुरूप प्रस्तुति<br>• प्रभावी अभिनय और संवाद<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 3 |
| | - | (ग) | - | • तताँरा और वामीरो दोनों अलग-अलग गाँव के थे<br>• गाँव की परंपरा के अनुसार किसी दूसरे गाँव में विवाह निषेध<br>• इस परंपरा/रूढ़ि से परिचित होते हुए भी तताँरा-वामीरो में प्रेम<br>• प्रेम का संबंध हृदय से, इसे रूढ़ियों में बाँधकर नहीं रखा जा सकता | 3 |
| | - | - | **(क)** | • फिल्म का कोई खरीददार न मिलना<br>• शुद्ध साहित्यिक फिल्म होना<br>• फिल्म में रची-बसी करुणा-संवेदना दो से चार बनाने वाले लोगों की समझ से परे होना।<br>• फिल्म का प्रचार-प्रसार न हो पाना | 3 |
| | - | - | **(ख)** | • रूढ़ियाँ मनुष्य के विकास में बाधक<br>• समय के अनुसार परिवर्तन आवश्यक | 3 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (ग) | • रूढ़ियों के कारण तताँरा -वामीरो के प्रेम का बलिदान<br>• सामाजिक सौहार्द्र के लिए रूढ़ियों का टूटना ज़रूरी<br><br>काम -<br>• देश की आज़ादी के आंदोलन में सक्रिय योगदान<br>कलंक -<br>• कलकत्तावासियों पर 26 जनवरी, 1930 के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सक्रिय योगदान न देना<br>कैसे -<br>• 26 जनवरी, 1931 के आंदोलन में उत्साह और बढ़-चढ़कर भागीदारी<br>• पहली बार महिलाओं की बड़ी संख्या में हिस्सा लेना और जेल जाना | 1+1+<br>1=3 |
| **12** | **12**<br><br>**(क)**<br><br><br><br><br>**(ख)**<br><br><br>**(ग)** | **12**<br><br>**(क)**<br><br><br><br><br>**(ख)**<br><br><br>**(ग)** | **12**<br><br>**(ग)**<br><br><br><br><br>**(ख)**<br><br><br>**(क)** | **'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>विनती –<br>• लोगों के साथ-साथ मेरी भी पीड़ा को हरने की<br>स्मरण करवाने के लिए –<br>• द्रौपदी, प्रह्लाद और गजराज का उदाहरण देना<br>• अपने आराध्य की क्षमताओं का गुणगान<br><br>• विरासत में मिली वस्तुएँ पूर्वजों की धरोहर<br>• इतिहास, परंपरा और संस्कृति से भावी पीढ़ी का परिचय<br>• अतीत की घटनाओं से सीख और प्रेरणा<br><br>• धरती की तुलना दुल्हन से<br>• दुल्हन की रक्षा की भाँति देश की रक्षा<br>• देशवासियों पर देश की रक्षा की जिम्मेदारी | **2 x 3<br>= 6**<br><br>**1+2=<br>3**<br><br><br>**3**<br><br><br>**3** |
| **13** | **13**<br><br>**(क)** | **11**<br><br>**(क)** | **11**<br><br>**(ग)** | **'पूरक पाठ्य-पुस्तक'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>• टोपी शुक्ला और इफ़्फ़न की मैत्री इसका जीता-जागता उदाहरण | **2 x 3<br>= 6**<br><br>**3** |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • टोपी की दोस्ती इफ़्फ़न की दादी से भी<br>• 'मित्रता' - धर्म, आयु, भाषा, संस्कृति आदि से परे<br>• पद-प्रतिष्ठा का कोई महत्त्व नहीं | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | छुट्टियाँ बिताना-<br>• पढ़ाई भूलकर खेलना<br>• माँ के साथ ननिहाल जाना<br>• वहाँ दूध, घी, मक्खन की मौज<br>• तालाब में नहाकर रेत में लेटना फिर तालाब में कूदना<br>आप क्या करते हैं-<br>• विद्यार्थियों की समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर संदर्भगत मुक्त उत्तर स्वीकार्य | 2+1= 3 |
| | (ग) | (ग) | (क) | • विद्यार्थियों की समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर संदर्भगत मुक्त उत्तर स्वीकार्य | 3 |
| 14 | 14 | 14 | 14 | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | 1 x 5 = 5 |
| 15 | 15 | 15 | 15 | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>• आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | 1 x 5 = 5 |
| 16 | 16 | 18 | 16 | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | 1 x 4 = 4 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **17** | **17** | **17** | **17** | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>• विषय-वस्तु – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |
| **18** | **18** | **16** | **18** | लगभग100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** औपचारिक ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रभाव – 1 अंक<br>**अथवा**<br>औपचारिक ई-मेल लेखन-<br>• औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in